# राज्य आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों ने विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** राज्य आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट महासंघ हिमाचल प्रदेश की आम सभा की बैठक होटल संगम नाहन में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विनोद शर्मा प्रदेशाध्यक्ष ने की। इस बैठक में प्रदेश से आये 175 प्रतिनिधियों ने भाग लिया वर्ष 2017 में नियमित हुए आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों की ज्वलंत मांग संशोधित ग्रेड पे के बारे में निर्णय लिया गया कि 01.10.2012 से संशोधित ग्रेड पे की जो मांग पिछले पांच वर्षों से चली आ रही है उसके लिए सरकार से मामला उठाया जाये क्योंकि पंजाब में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट वर्ग न होने के कारण हमें संशोधित ग्रेड पे से वंचित रखा गया है जबकि 01.04.1978 से नियुक्त फार्मासिस्टों के बराबर सभी प्रकार के वेतन व भत्ते मिलते रहे हैं लेकिन वर्ष 2012 से आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों को 5910-20200+3000 ग्रेड पे मिल रहा है तथा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हमारे समक्ष फार्मासिस्टों को 10,300-34,800+4200 ग्रेड पे मिल रहा है इसके अलावा फार्मासिस्टों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस बैठक में विनोद शर्मा प्रदेशाध्यक्ष तिलक ठाकुर महासचिव वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप चंदेल उपप्रधान अशोक शर्मा मुख्य सलाहकार देवराज शर्मा हि.प्र. रा.अराजू. कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सूरज नेगी बिलासपुर से राजेंद्र पाल, चंबा से हेमराज, कांगड़ा से दिनेश, मंडी से सुरेश कुमार, सोलन से गुरुमेल, शिमला से दिनेश, सिरमौर से हेमंत शर्मा व ऊना से राजेंद्र कौशल ने अपने अपने विचार रखे।



## श्री आनंदपुर साहिब और श्री नैना देवी जी रोपवे स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन को किया जाएगा बहाल

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप श्री आनंदपुर साहिब और श्री नैना देवी जी के बीच रोपवे परियोजना की स्थापना के लिए हिमाचल और पंजाब कि बीच समझौता ज्ञापन को बहाल करने पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने गत दिनों यहां इसकी जानकारी दी।

मख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 26 फरवरी, 2018 को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के साथ इस मुद्दे को उठाया था और इसके बाद राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी इस सम्बन्ध में पंजाब सरकार के अधिकारियों के साथ लगातार सम्पर्क में थे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हिमाचल प्रदेश और पंजाब दोनों राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने में न केवल मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि श्रद्धालुओं को भी इन धार्मिक स्थलों का दौरा करने में सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त यह दोनों राज्यों के बीच प्रेम और भाईचारे के बन्धन को मजबूत करने का एक प्रतीक भी होगा। उन्होंने कहा कि परियोजना को कल हुई राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में मंजूरी प्रदान की गई है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि इसी माह के दौरान समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर करने के प्रयास किए जाएंगे, जिसे परियोजना की गति में तेजी आएगी। इस परियोजना के पूरा होने पर न केवल लोगों का समय बचेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोज़गार व स्वरोज़गार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत आएगी तथा यह रोपवे 3.5 किलामीटर का होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (संस्कृति एवं पर्यटन) राम सुभग सिंह ने आज पंजाब सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू से मुलाकात की और दोनों राज्यों के बीच समझौता ज्ञापन को जल्द बहाल करने के तरीकों पर चर्चा की।

# सिरमौर की गिरि नदी पर बनेगा रेणुका बांध

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला/नयी दिल्ली।** केंद्रीय जल संसाधन और नदी विकास राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की पेयजल सम्बंधी जरूरतें पूरी करने के लिये प्रस्तावित रेणुका बांध का निर्माण हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गिरि नदी पर किया जाएगा। मेघवाल ने लोकसभा में शिमला से सांसद वीरेंद्र कश्यप के इस सम्बंध में एक सवाल पर लिखित में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली और इसके आसपास के क्षेत्रों में पानी जरूरतें पूरी करने के लिये यमुना की सहायक गिरि नदी पर लगभग 148 मीट ऊंचा बांध बना कर पानी एकत्रित करने की योजना है। हिमाचल प्रदेश विद्युत निगम द्वारा लगभग 6 वर्ष की अवधि में पूरी होने वाली इस परियोजना पर 40 मैगावाट क्षमता का विद्युत संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस बांध परियोजना को लेकर तटीय राज्यों की सरकारों द्वारा एक अनुबंध किया जाना प्रस्तावित है। बांध जलाशय से पानी के वितरण का प्रबंधन ऊपरी यमुना नदी बोर्ड करेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली एवं एनसीआर में पेयजल किल्लत है।

# सीएम ने श्रीखण्ड महादेव पर लिखी पुस्तक का किया विमोचन

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने शिमला के पत्रकार जगमोहन शर्मा द्वारा लिखी गई पुस्तक श्रीखण्ड महादेव का गत दिवस यहां विमोचन किया।


मुख्यमंत्री ने लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक श्रीखण्ड महादेव जाने वाले मार्ग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि पुस्तक श्रीखण्ड महादेव का दौरा करने वाले ट्रैकर्स और श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी साबित होगी। यह पुस्तक क्षेत्र में धार्मिक और साहसिक पर्यटन गतिविधियों में बढ़ावा देने के लिए कारगर सिद्ध होगी।

यह पुस्तक ऐतिहासिक और पौराणिक विभिन्न धार्मिक स्थानों की जानकारी प्रदान करती है।


हमारी ओर से 72वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

उपभोक्ताओं के हित में जानकारी

नये ढंग से सेल्फ -क्लोजिंग वॉल्व लगे सिलेंडर बदलने के लिए व खाली सिलेंडर अलग करते समय



1.रसोईघर में /कमरे में जलती हुई सभी आग बुझा दीजिए।
2.उपकरण/बर्नर की सब टैप बंद करें।
3.स्विच नॉब को घुमाकर ऑन/ऑफ की स्थिति में लाएं।
4.रेगुलेटर पकड़कर उसके काले प्लास्टिक लॉकिंग रिंग को ऊपर की ओर उठाइए और उसे थोड़ा-सा घुमाकर रेगुलेटर को ऊपर खींचिए और बाद में उसे सिलेंडर वॉल्व से अलग करें।
5.वॉल्व के ऊपरी सिरे पर सेफ्टी कैप रखिए। कैप को जोर से नीचे की ओर तब तक दबाइए जब तक कि एक स्पष्ट सी क्लिक की आवाज न सुनाई दे अब खाली सिलेंडर को हटाया जा सकता है।

शहीद कुलविंदर सिंह
इण्डेन गैस एजेंसी
ददाहू (श्रीरेणुका जी)



हमारी ओर से सभी प्रदेशवासियों को 72वें स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं



कमलजीत शर्मा
सहायक अभियंता
बैराज अनुरक्षण उपमंडल
हि.प्र.वि.प.लि. जटोन
जिला सिरमौर (हि.प्र.)



नंदलाल शर्मा
अतिरिक्त सहायक अभियंता
बैराज अनुरक्षण उपमंडल
हि.प्र.वि.प.लि. जटोन
जिला सिरमौर (हि.प्र.)



Happy Independence Day



RENUKA GOODS CARRIERS
Treansporter & Commission Agent
Chandigarh-Ambala Road, Zirakpur. Mobile: 094179-21831, 093160-55500



हमारी ओर से आप सभी को 72वें स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं



हेमंत कुमार शर्मा,
पूर्व प्रधान फार्मासिस्ट महासंघ
जिला सिरमौर (हि.प्र.)